# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 24.06.2023 को सम्पन्न 23वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्रीमती कल्पना अवस्थी**<br>अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 3. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | **प्रो0 वीरेन्द्र पाठक**<br>निदेशक, सी0ए0एस0<br>(कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 योगेश जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | **डा0 चन्द्र शेखर उपाध्याय,**<br>एरोस्पेश इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |
| 9. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 10. | **प्रो0 राजेश कुमार वर्मा**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 11. | **प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सकेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 योगेश सिंह**<br>कुलपति<br>दिल्ली विश्वविद्यालय, बेन्टो जार्ज मार्ग, साउथ कैम्पस, साउथ मोतीबाग, नई दिल्ली–110021(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2. | **प्रमुख सचिव,**<br>उच्च शिक्षा विभाग<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 3. | **प्रो0 मनोज सिंह गौर,**<br>निदेशक, आई0आई0टी0, जम्मू<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया।

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य परिषद की विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 25.02.2023 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में दिनांक मई 16–18, 2023 के दौरान नैक पियर टीम द्वारा विश्वविद्यालय का प्रथम चक्र हेतु मूल्यांकन किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के एस0एस0आर0, डी0वी0वी0 और पियर टीम रिपोर्ट के आधार विश्वविद्यालय को $A^+$ ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो कि प्रशंसनीय है। इस हेतु मा0 कुलाधिपति द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन, मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा श्री आशीष पटेल जी के सहयोग तथा कार्यपरिषद के सदस्यों की सहभागिता हेतु उनका अत्यन्त आभार व्यक्त किया गया।

विश्वविद्यालय के स्कूल आफ केमिकल टेक्नालॉजी के पेन्ट टेक्नालॉजी विभाग द्वारा 9वां PACT नेशनल सेमिनार का आयोजन दिनांक 18–19 मार्च, 2023 को किया गया जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। छात्रों के सर्वागींण विकास हेतु दिनांक 10–16 अप्रैल, 2023 के मध्य विभिन्न खेल–कूद, तकनीकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। तृतीय वर्ष एवं अन्तिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं सम्पन्न हुंयी एवं परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिये गये। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों की कक्षाएं संचालित हैं। विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों यथा बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0, पी0एच0डी0, एम0बी0ए0, बी0बी0ए0 तथा एम0एस0सी0 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है और पंजीकरण की कार्यवाही चल रही है। विश्वविद्यालय के 2023 पासआउट छात्रों को अद्यतन 455 सेवायोजन आफर प्राप्त हो चुके हैं।

विश्वविद्यालय के स्कूल आफ केमिकल टेक्नालॉजी की विधाओं के संशोधित नाम (change of nomenclauture) हेतु अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से व्यक्तिगत रूप से भेंट की गयी। चर्चा के दौरान ही अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा केमिकल टेक्नालॉजी विधाओं के संशोधित ''नोमनक्लेचर'' पर अनुमति प्रदान कर दी गयी और इस प्रकार लम्बे समय से लम्बित इस प्रकरण का समाधान हो गया हैं। इसका सीधा लाभ केमिकल टेक्नालॉजी विधाओं के छात्रों को उनके सेवायोजन हेतु प्राप्त होगा।

मा0 कुलाधिपति महोदया के निर्देशानुसार छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में दिनांक 8 एवं 9 जुलाई, 2023 को ''शिक्षा मन्थन'' का आयोजन किया जा रहा है। ''शिक्षा मन्थन'' आयोजन की जिम्मेदारी सी0एस0जे0एम0, एच0बी0टी0यू0 तथा सी0एस0ए0 विश्वविद्यालयों को दी गयी है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त नियंत्रक तथा प्रत्येक विश्वविद्यालय से 10 संकाय सदस्यों द्वारा भाग लिया जाएगा।

तद्पश्चात कार्यपरिषद के मा0 सदस्यों के सुझावानुसार कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में डा0 ए0के0 शंखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग द्वारा इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग का प्रेजेन्टेशन दिया गया तथा प्रेजेन्टेशन के मध्य मा0 सदस्यों ने निम्नोक्त सुझाव दिये गयेः

(1) विभाग में पी0एच0डी0 स्ट्रेन्थ बढ़ाई जाए।

(2) प्रायोजित प्रोजेक्ट बढाये जाएं।

(3) औद्योगिक इकाईयों के साथ लिन्केज बनाया जाए।

(4) विभाग के नवीन भवन में स्थानान्तरित होने के उपरान्त एक संग्राहलय का गठन किया जाए, जिसमें कि इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में पिछले 50 वर्षो के दौरान हुए विकास को संरक्षित किया जाए। इससे देश की युवा पीढ़ी विशेषकर विद्यालय के छात्रों का इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के प्रति रूझान हो सके।

(5) उद्योगों की आवश्यकतानुरूप करिकुलम रिवीजन किया जाए तथा लोकप्रिय तथा उद्योगों के संगत विषयों को इलेक्टिव के रूप में समाहित किया जाए।

(6) विभाग में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ें।

(7) कम केडिट के माड्यूलर कोर्सेस के बारे में भी विश्वविद्यालय स्तर पर विचार किया जाए तथा क्वान्टम कम्प्यूटिंग जैसे नये कोर्स शामिल किये जाएं।

(8) नये–नये विषयों पर आमंत्रित लेक्चर करायें तथा उनकी प्रॉपर रिकार्डिंग करके वेबसाइट में डालें जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभन्वित हो सकें।

बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेजेन्टेशन पर संतोष व्यक्त किया गया तत्पश्चात 23वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 23.01 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 25.02.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

कार्य परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 25.02.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**मद सं0 23.02 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 25.02.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 25.02.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर संतोष व्यक्त किया गया एवं कुछ बिन्दुओं पर निम्नलिखित निर्देश प्रदान किये गयेः

22.07 List of society journals को भी शामिल किया जाए ( society Journals जैसे कि ASCE, ASME, IEEE के Journals का कम Impact Factor होने पर भी उन्हें शामिल किया जाए)

22.08 के अन्तर्गत गठित एल्यूमनी सेल के सम्बन्ध में यह मत व्यक्त किया गया कि एल्यूमनी सेल के सुचारू एवं प्रभावी कार्यशैली प्राप्त करने हेतु आई0आई0टी0, कानपुर की तर्ज पर एल्यूमनी सेल का अध्ययन करते हुए तद्नुरूप ही विश्वविद्यालय की एल्यूमनी सेल के कार्य एवं दायित्व निर्धारित किये जाने पर विचार किया जाए। कार्य परिषद द्वारा एल्यूमनी सेल को अपनी गतिविधियों में गति लाने का सुझाव दिया गया तथा एल्यूमनी के इन्गेजमेन्ट के तरीकों को बढ़ाया जाए।

22.10 कार्यपरिषद द्वारा उक्त विशिष्ट अतिथि गृह को ग्रीन बिल्डिंग की तर्ज पर विकसित किये जाने की अपेक्षा की गयी।

22.13 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के कार्मिकों को अर्जित अवकाश के नगदीकरण के प्रकरण पर अपेक्षा की गयी कि समूह ''क'' एवं ''ख'' के कार्मिकों को भी उक्त सुविधा अनुमन्यता के सम्बन्ध में शासन को सन्दर्भित किया जाए।

22.24.1 कार्यपरिषद द्वारा सुझाव दिया गया कि वृहद प्रस्ताव बनाते समय श्रम विभाग की दरों का ध्यान रखा जाये।

**मद सं0 23.03 : विश्वविद्यालय में स्थापित स्कूल आफ इन्टरप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट को स्वःवित्तपोषित संस्थानों की भॉति सुचारू संचालित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे ।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया और यह अपेक्षा की गयी कि स्कूल आफ इन्टरप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट एवं एच0बी0टी0यू0 की पृथक–पृथक बैलेन्स सीट न बनाते हुए एक ही बैलेन्स शीट तैयार की जाए तथा स्कूल को स्टार्टअप्स के हैण्डहोल्डिंग का सुझाव दिया।

**मद सं0 23.04 :** **विश्वविद्यालय में नव–स्थापित स्कूल आफ इन्टरप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट में डा0 आशीष त्रिवेदी, एसोसिएट प्रोफेसर को विभागाध्यक्ष एवं डा0 राम नरेश, आचार्य, गणित विभाग को अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट नामित किये जाने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में ।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 23.05 :** **विश्वविद्यालय एवं अन्य वाहय संस्थाओं/संस्थानों/ विश्वविद्यालयों इत्यादि के साथ अनुबन्ध के लिये (Standered Oprerating Procedure for MoU Document) एस0ओ0पी0 ड्राफ्ट के नियम एवं शर्तो के अन्तर्गत अनुबन्ध कराये जाने के प्रस्ताव पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 23.06 :** **विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण स्थित शताब्दी भवन एवं पूर्वी प्रांगण स्थित राधाकृष्णन सभागार को जिला प्रशासन अथवा उ0प्र0 शासन की मॉग पर निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 23.07 :** **विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग में नवनियुक्त डा0 अवधेश यादव, सह– आचार्य द्वारा त्यागपत्र दिये जाने के फलस्वरूप उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में प्रथम स्थान पर अंकित डा0 ब्रिजेश गांगिल को मेमोंरेण्डम जारी किये जाने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं कृत कार्यवाही पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 23.8 :** **विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक श्री गोपाल खरे दिनांक 31.05.2023 को सेवानिवृत्त होने के उपरान्त वित्त नियंत्रक के पद का कार्य एवं दायित्व डा0 राजेश कुमार वर्मा, आचार्य, मैकेनिकल इंजी0 विभाग को सौपे जाने की कार्यवाही पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में वित्त सेवा के अधिकारी श्री गोपाल खरे, वित्त नियंत्रक के दिनांक 31.05.2023 को सेवानिवृत्त हो जाने के उपरान्त वित्त नियंत्रक का कार्य एवं दायित्व डा0 राजेश कुमार वर्मा, आचार्य, मैकेनिकल इंजी0 विभाग को सौंपे जाने की कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 23.09 : **विश्वविद्यालय की शिक्षका डा0 अनीता यादव, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग को विदेश जाने हेतु कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे।**

कार्य परिषद द्वारा डा0 अनीता यादव, प्रोफेसर, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग को विदेश जाने हेतु अनुमति के सम्बन्ध में कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 23.10 : **विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग के वैध जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर मा0 उच्च न्यायालय मे योजित याचिका के सम्बन्ध मे**

कार्य परिषद द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण का संज्ञान लिया गया और निर्देश प्रदान किये गये कि मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट संख्या 10683/2014 के निर्णित होने के उपरान्त प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार कार्यवाही की जाए।

मद सं0 23.11 : **विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली को कार्यपरिषद के मा0 सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की प्रस्तावित प्रथम परिनियमावली का अवलोकन किया गया।

मद सं0 23.12 : **विश्वविद्यालय के छात्रों के पश्चिमी प्रांगण एवं पूर्वी प्रांगण के मध्य सुगम आवागमन हेतु 02 बस कय किये जाने के सम्बन्ध मे।**

कार्यपरिषद द्वारा 02 बस कय किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया और यह निर्देश प्रदान किये गये कि विश्वविद्यालय के संसाधनों के दृष्टिगत यदि संभव हो तो इलेक्ट्रिक बसों को कय किया जाए।

मद सं0 23.13 : **विश्वविद्यालय के रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों पर नियमित चयन हेतु रिक्यूरटमेंट रूल्स सम्बन्धी प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदो के रिक्यूटमेन्ट रूल्स पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 23.14 : **विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों को भरे जाने हेतु निर्गत विज्ञापन पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा निर्गत विज्ञापन संख्या HBTU/ESTT/01/2023 दिनांक 09.06.2023 पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया और अपेक्षा की गयी कि इसे उ0 प्र0 सरकार के सेवायोजन पोर्टल एवं रोजगार समाचार के web version पर भी प्रदर्शित किये जाने की कार्यवाही की जाए।

मद सं0 23.15 : **विश्वविद्यालय के फाइल संख्या सं0 HBTU/ESTT/01/2023 दिनांक 09.06.2023 के द्वारा विज्ञापित रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया हेतु स्क्रीनिंग एवं चयन का आधार के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत विश्वविद्यालय के रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया हेतु स्क्रीनिंग एवं चयन का आधार (Screening & Selection Criteria for Teaching and Non Teaching Post) पर अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त पर विचार विमर्श के दौरान यह भी पाया गया कि senior posts पर फैकल्टी का आभाव है और ऐसे पदों पर कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं। जिस कारण विज्ञापित पद रिक्त रह जाते हैं। इस समस्या के समाधान हेतु कार्य परिषद द्वारा लचीला ढॉचा (flexible Cadre) संबंधी व्यवस्था/प्रस्ताव को शासन को भेजे जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

कार्यपरिषद द्वारा संकाय सदस्यों के चयन के दौरान थीसिस को भी मूल्यांकित करने के निर्देश प्रदान किये जिससे कि संबंधित की academic competency assess की जा सके।

मद सं0 23.16 : **विश्वविद्यालय के फाइल सं0 HBTU/ESTT/01/2023 दिनांक 09.06.2023 के सापेक्ष चयन समिति एवं स्क्रीनिंग समिति हेतु विषय विशेषज्ञों के नामों पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा रिक्त एवं विज्ञापित शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों की चयन समितियों तथा स्क्रीनिंग समितियों हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची के सन्दर्भ में अध्यक्ष, कार्यपरिषद को अधिकृत किया गया।

मद सं0 23.17 **विश्वविद्यालय में Research Exellence Awards हेतु Eligibility Criteria के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का संज्ञान लिया गया और यह निर्देश प्रदान किये गये कि "impact of research publications for solving real life field problems" हेतु भी रिसर्च एक्सीलेन्स एवार्ड के आवेदन/प्रपत्र में समावेश किया जाए।

मद सं0 23.18 : **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

मद सं0 23.18.01 **विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 20.06.2023 को सम्पन्न 19वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा प्रवेश समिति की दिनांक 20.06.2023 को सम्पन्न 19वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। तथापि कार्यपरिषद द्वारा यह निर्देश प्रदान किये गये कि प्रवेश अर्हता अंक परिवर्तन/शिथिलता हेतु प्रकरण को शैक्षिक परिषद के माध्यम से लाया जाय और उक्त पर निर्णय/अनुमोदन हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद को अधिकृत किया गया। प्रवेश अर्हता अंक परिवर्तन/शिथिलता के फलस्वरूप परिलक्षित प्रभाव का डाटा संरक्षित कर परिषद को भी इससे संज्ञानित कराये जाने की अपेक्षा की

तांकि वर्ष 2024 के प्रवेशों हेतु तद्नुसार अर्हता अंक निर्धारण की कार्यवाही में इसका संज्ञान लिया जा सके।

**मद सं0 23.18.02 बी0टेक0 अध्यादेश में स्पेशल कैरी ओवर की व्यवस्था के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अपेक्षा की गयी कि प्रस्ताव को विचार हेतु एकेडमिक कॉन्सिल की बैठक में प्रस्तुत किया जाए एवं एकेडमिक कॉन्सिल के निर्णय को स्वीकार/अस्वीकार कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 23.18.03 विश्वविद्यालय के बी0बी0ए0 सेल्फ फाइनेन्स कोर्स के निर्धारित शुल्क के विभिन्न मदों (tution fee and other user charges) के पुर्ननिर्धारण करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा प्रस्ताव को एकेडमिक काउन्सिल की बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0 23.18.04 बैठक में उपस्थित अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रस्तुत विचार बिन्दु– विश्वविद्यालय में स्थापित/प्रस्तावित "सेन्टर आफ एक्सीलेन्स" द्वारा क्षेत्र/जिले में राजकीय पालीटेक्निक की मेन्टरिंग करने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद ने अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के उपरोक्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और विश्वविद्यालय को इस दिशा में प्रयास करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

(प्रो0 एस0के0 शर्मा)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 372 /अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–23वी कार्यवृत्त/2023 दिनांकः 30/06/2023

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

(प्रो0 एस0के0 शर्मा)
सदस्य–सचिव